**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2829**
**उत्तर देने की तारीख-07/08/2023**

## भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद को बजट/धनराशि

**† 2829. श्री उपेन्द्र सिंह रावतः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के वार्षिक बजट और इसके उपयोग का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आईसीएसएसआर द्वारा विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में अपने सहायता प्राप्त संस्थानों विशेषकर उत्तर प्रदेश को दिए गए वित्तपोषण का वर्ष-वार और संस्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन संस्थानों को सातवें वेतन आयोग के लाभ कब तक दिए जाने की संभावना है और इससे वार्षिक बजट पर कितना भार पड़ने की संभावना है; और

(घ) क्या आईसीएसएसआर, उत्तर प्रदेश में इस संस्थान की स्वायत्तता के लिए पदों की स्वीकृति, भर्ती और स्वीकृतियां प्रदान करने की अपनी शक्ति का उपयोग कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरणों के अनुसार संस्थान की वार्षिक आय और व्यय निम्नानुसार हैः

(रुपए करोड़ में)

| वित्तीय वर्ष (एफ वाई) | वार्षिक आय | वार्षिक व्यय | मंत्रालय द्वारा जारी अनुदान सहायता |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 110.1 | 266.4* | 109.9 |
| 2021-22 | 133.5 | 146.9 | 129.9 |
| 2022-23 | 152.0 | 134.5 | 146.4 |

*सेवानिवृत्ति लाभों के लिए अधिक प्रावधान के कारण

वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में, उच्चतर शिक्षा विभाग ने आईसीएसएसआर को अनुदान सहायता के रूप में 37.65 करोड़ रुपए जारी किए। संस्थान ने बताया है कि उन्होंने इस अवधि के दौरान 30.64 करोड़ रुपए खर्च किये हैं।

(ख) आईसीएसएसआर द्वारा पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष की पहली तिमाही के दौरान, उत्तर प्रदेश सहित देश में अपने सहायता-प्राप्त संस्थानों को दिये गए वित्तपोषण का वर्ष-वार और संस्थान-वार विवरण https://www.education.gov.in/parl_ques. पर देखा जा सकता है।

(ग) और (घ) भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, भारत भर में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1960 के तहत व्यक्तियों के एक समूह द्वारा, या एक सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में, या राज्य विधानमंडल के एक अधिनियम द्वारा बनाए गए 24 अनुसंधान संस्थानों को समय-समय पर संशोधित "सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान करने वाली सोसाइटियों और संस्थानों को अनुदान सहायता नियमावली, 1971" के तहत भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), दिल्ली द्वारा अनुदान सहायता के माध्यम से सहायता प्रदान की जा रही है, बशर्ते कि वे उपरोक्त नियमों में निर्धारित सभी प्रक्रियाओं और शर्तों को पूरा करते हों। तदनुसार, उपरोक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसार इन अनुसंधान संस्थानों के लिए 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों की प्रयोज्यता की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है। आईसीएसएसआर अपने द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान संस्थानों की स्वायत्तता में हस्तक्षेप नहीं करता है।

*****

**‘भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद को बजट/धनराशि” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा दिनांक 07.08.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2829 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| अनुसंधान संस्थानों को अनुदान (लाख रुपये में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | अनुसंधान संस्थान का नाम | वर्ष 2020-21 हेतु अनुदान | वर्ष 2021-22 हेतु अनुदान | वर्ष 2022-23 हेतु अनुदान | वर्ष 2023-24 हेतु अनुदान (प्रथम तिमाही तक) |
| 1 | सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान (आईएसईसी), बंगलौर | 360.00 | 374.10 | 418.00 | 118.50 |
| 2 | विकास अध्ययन केंद्र (सीडीएस), तिरुवनंतपुरम | 285.00 | 344.02 | 339.00 | 84.00 |
| 3 | सामाजिक विज्ञान अध्ययन केंद्र (सीएसएसएस), कोलकाता | 250.00 | 220.60 | 222.00 | 69.00 |
| 4 | एएन सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान (एएनएसआईएसएस), पटना | 185.00 | 198.50 | 190.00 | 43.00 |
| 5 | सार्वजनिक उद्यम संस्थान (आईपीई), हैदराबाद | 80.00 | 108.90 | 82.00 | 29.00 |
| 6 | आर्थिक विकास संस्थान (आईईजी), नई दिल्ली | 365.00 | 364.50 | 380.00 | 106.00 |
| 7 | विकासशील समाज अध्ययन केंद्र (सीएसडीएस), नई दिल्ली | 470.00 | 430.50 | 394.00 | 98.00 |
| 8 | सामाजिक अध्ययन केंद्र (सीएसएस), सूरत | 97.00 | 120.50 | 116.00 | 23.00 |
| 9 | मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (एमआईडीएस), चेन्नई | 209.00 | 154.20 | 217.00 | 53.00 |
| 10 | भारतीय शिक्षा संस्थान (आईआईई), पुणे | 85.00 | 8.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | गिरि विकास अध्ययन (जीआईडीएस), लखनऊ | 146.00 | 158.43 | 160.00 | 37.50 |
| 12 | समिति अनुसंधान केंद्र (सीपीआर), नई दिल्ली | 77.00 | 40.50 | 45.00 | 0.00 |
| 13 | सरदार पटेल आर्थिक और सामाजिक अनुसंधान संस्थान (एसपीआईईएसआर), अहमदाबाद | 86.00 | 101.95 | 92.00 | 21.00 |
| 14 | सामाजिक विकास परिषद (सीएसडी), हैदराबाद | 75.00 | 86.92 | 47.00 | 8.00 |
| 15 | विकास अध्ययन संस्थान (आईडीएस), जयपुर | 126.00 | 65.00 | 38.00 | 21.00 |
| 16 | ग्रामीण और औद्योगिक विकास अनुसंधान केंद्र (सीआरआरआईडी), चंडीगढ़ | 199.00 | 2.77 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | महिला विकास अध्ययन केंद्र (सीडब्ल्यूडीएस), नई दिल्ली | 400.00 | 305.03 | 301.00 | 84.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | आर्थिक और सामाजिक अध्ययन केंद्र (सीईएसएस), हैदराबाद | 225.00 | 229.00 | 235.00 | 62.00 |
| 19 | एनकेसी विकास अध्ययन केंद्र (एनकेसीसीडीएस), भुवनेश्वर | 74.00 | 95.50 | 89.00 | 36.00 |
| 20 | गुजरात विकास अनुसंधान संस्थान (जीआईडीआर), अहमदाबाद | 109.00 | 122.36 | 86.00 | 16.00 |
| 21 | औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी), नई दिल्ली | 247.00 | 304.20 | 299.00 | 78.00 |
| 22 | ओकेडी सामाजिक परिवर्तन और विकास संस्थान (ओकेडीआईएससीडी), गुवाहाटी | 95.00 | 89.50 | 84.00 | 24.00 |
| 23 | बहु–विषय विकास अनुसंधान केंद्र (सीएमडीआर), धारवाड़ | 95.00 | 117.40 | 99.00 | 29.00 |
| 24 | मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान (एमपीआईएसएसआर), उज्जैन | 90.00 | 104.60 | 79.00 | 23.00 |
| | कुल | 4430.00 | 4146.98 | 4012.00 | 1063.00 |

****